CAREERINDIA

**SET – 4**

**Series : GBM/1**

**कोड नं.**
**Code No.** **71/1**

**रोल नं.**
**Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **8** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **8** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# चित्रकला (सैद्धान्तिक)
## (भारतीय कला का इतिहास)
# PAINTING (Theory)
## (HISTORY OF INDIAN ART)

www.careerindia

*निर्धारित समय : 2 घंटे ]* *[ अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours ]* *[ Maximum Marks : 40*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी आठ*** *प्रश्न अनिवार्य हैं, जिनके अंक समान हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1** व **2** का प्रत्येक उत्तर लगभग **200** शब्दों में तथा प्रश्न संख्या **3**, **4** व **5** का प्रत्येक उत्तर लगभग **100** शब्दों में लिखिए । प्रश्न संख्या **6**, **7** व **8** वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *the* ***eight*** *questions are compulsory, which carry equal marks.*

*(ii)* *Answers be written for question nos.* ***1*** *and* ***2*** *in about* ***200*** *words each and for question nos.* ***3***, ***4*** *and* ***5*** *in about* ***100*** *words each. Question nos.* ***6***, ***7*** *and* ***8*** *are objective type.*

CAREERINDIA

1. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित निम्नलिखित लघु-चित्रों में से **किसी एक** का सौंदर्य-विवेचन यथाविधि इसके (अ) चित्रकार/उप-शैली का नाम, (ब) माध्यम एवं तकनीक, (स) विषय-वस्तु तथा (द) संयोजन के आधार पर कीजिए :

(1) **राधा (बणी-ठणी)** (राजस्थानी शैली)

(2) **भरत राम की चरण-पादुकाओं की पूजा करते हुए** (पहाड़ी शैली) **5**

Appreciate **any** of the following miniature-paintings included in your course of study duly based on its (a) Name of the painter/sub-school, (b) Medium & technique, (c) Subject-matter and (d) Composition :

(1) **Radha (Bani-Thani)** (Rajasthani School)

(2) **Bharat Worshipping Charan-Padukas of Rama** (Pahari School)

2. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित समस्त मुग़ल **अथवा** दक्खिनी लघु-चित्रों में से **किसी एक** को आप क्यों सबसे अधिक पसन्द **अथवा** नापसन्द करते हैं ? इसके कलाकार द्वारा माध्यम एवं तकनीक का संचालन करने, विषय-वस्तु का चित्रण करने तथा संयोजन करने के ढंग की क्षमताओं के आलोक में अपने समुचित कारण विस्तारपूर्वक दीजिए । **5**

**Which one** do you like **or** dislike most among all the Mughal or Deccani miniature-paintings included in your course of study ? Give your appropriate reasons in detail in the light of the capabilities of its artist in handling the medium & technique, depiction of the subject-matter and the way of composition.

www.careerindia.com

3. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित बंगाल शैली के **किसी एक** संबद्ध चित्र की पहचान कीजिए, जिसमें निम्नलिखित विशेषताएँ समाविष्ट हों और उन्हें उस चित्र में तदनुसार समझाइए :

(अ) धूमिल रंगों के प्रयोग, धुँधली हलकी विस्तृत पृष्ठभूमि तथा किसी भी गहरी रेखा या तान की अनुपस्थिति के द्वारा रहस्यात्मक और सौम्य शैली का सृजन, जो एक सूक्ष्म (दिव्य) संसार का अनुभव प्रदान करता है ।

**अथवा**

(ब) असाधारण रूप से लम्बे अंगों वाली, क्रमशः पतली होती जाती अँगुलियों सहित दुबली मानवीय आकृतियों का अंकन, जो राजस्थानी, पहाड़ी और मुग़ल लघु-चित्रों के प्रभाव को दर्शाती हैं । इस प्रकार यूरोपीय यथार्थवाद के प्रभुत्व को समाप्त कर दिया गया है । **5**

CAREERINDIA

Identify **any** relevant painting of the Bengal School included in your course of study comprising of the following features and explain them in that painting accordingly :

(a) The creation of mystic and mellow style by using gloomy colouring with diffused light background and absence of any dark line or tone, which provide the experience of the astral-world.

**OR**

(b) The delineation of attenuated human figures with extra elongated limbs and tapering fingers, which reflect the influence of the Rajasthani, Pahari and Mughal miniatures. Hence emphasis on the European realism is terminated.

4. समकालीन (आधुनिक) भारतीय कला की निम्नलिखित कलाकृतियों में से **किसी एक** में किन **मानवीय जीवन-मूल्यों** को दर्शाया गया है ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए :

(1) **मदर टेरेसा** (एक चित्र)

(2) **दीवारों से सरोकार** (एक छापा-चित्र)

(3) **श्रम की विजय** (एक मूर्ति-शिल्प) 5

Which **human life-values** are shown in **any** of the following art-works of the contemporary (modern) Indian Art ? Explain in short :

(1) **Mother Teresa** (a painting)

(2) **Of Walls** (a graphic-print)

(3) **Triumph of Labour** (a sculpture)

5. निम्नलिखित लघु-चित्रों में से **किसी एक की विषय-वस्तु के निरूपण** में इसका चित्रकार कहाँ तक सफल रहा है ? सौंदर्य-मापदण्डों के आधार पर अपने समुचित कारण दीजिए :

(1) **कृष्ण झूले पर** (राजस्थानी शैली)

(2) **शिव का ब्रह्माण्डीय नृत्य** (पहाड़ी शैली) 5

How far has its artist been successful in **depicting the subject-matter** of **any** of the following miniature-paintings ? Give appropriate reasons on the basis of the aesthetic-parameters :

(1) **Krishna on Swing** (Rajasthani School)

(2) **Cosmic Dance of Shiva** (Pahari School)

6. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित मुग़ल **तथा** दक्खिन शैलियों के **किन्हीं पाँच** लघु-चित्रों के **शीर्षक** बताइए । 5

Mention the **titles** of **any five** miniature-paintings of the Mughal **and** Deccan schools included in your course of study.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

7. भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में प्रयुक्त निम्नलिखित में से प्रत्येक का क्या प्रतीकात्मक अर्थ है ?

(1) **भारत केसरिया रंग**

(2) **श्वेत रंग**

(3) **भारत हरा रंग**

(4) **अशोक चक्र**

(5) **अशोक चक्र में 24 तीलियाँ (अरे)** 5

What is symbolized by each of the following, used in the Indian National Flag ?

(1) **India Saffron Colour**

(2) **White Colour**

(3) **India Green Colour**

(4) **Ashokan-Wheel**

(5) **24 spokes in the Ashokan-wheel**

8. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित निम्नलिखित समकालीन (आधुनिक) भारतीय कलाकृतियों में से प्रत्येक के **कलाकार का नाम** बताइए :

(1) **समुद्र का मद-मर्दन करते हुए राम** (एक चित्र)

(2) **गपशप** (एक चित्र)

(3) **शीर्षक-विहीन** (एक चित्र)

(4) **जलावर्त (भँवर)** (एक छापा-चित्र)

(5) **अनसुनी चीखें** (एक मूर्ति-शिल्प) 5

Mention the **name of artist** of each of the following contemporary (modern) Indian art-works included in your course of study :

(1) **Rama Vanquishing the Pride of the Ocean** (a painting)

(2) **Gossip** (a painting)

(3) **Untitled** (a painting)

(4) **Whirlpool** (a graphic-print)

(5) **Cries un-heard** (a sculpture)

www.careerindia.com